# अध्याय - 6 | व्यवसाय का सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यावसायिक नैतिकता

## QUIZ-01

1. **व्यवसायिक संस्था की प्राथमिक आर्थिक जिम्मेदारी क्या है?**
   A. सामाजिक दायित्वों से बचना
   B. धार्मिक मान्यताओं का पालन करना
   C. लाभ हेतु वस्तुएं बनाना और बेचना
   D. चैरिटी में दान देना (C)

*व्याख्या :* व्यवसाय की आर्थिक जिम्मेदारी समाज की आवश्यकताओं के अनुसार वस्तुएं और सेवाएं उत्पादित करना और उन्हें लाभ के साथ बेचना है।

2. **निम्नलिखित में से कौन सामाजिक उत्तरदायित्व के पक्ष में नहीं है?**
   A. सरकारी विनियमन से बचाव
   B. उपभोक्ताओं पर बोझ
   C. फर्म के दीर्घकालिक हित (B)
   D. सामाजिक समस्याओं के लिए व्यवसाय को उत्तरदायी ठहराना

*व्याख्या :* "उपभोक्ताओं पर बोझ" सामाजिक उत्तरदायित्व के विरोध में दिया जाने वाला तर्क है।

3. **सामाजिक जिम्मेदारी और कानूनी जिम्मेदारी में मुख्य अंतर क्या है?**
   A. यह सरकार द्वारा लागू होती है
   B. यह केवल लाभ से संबंधित होती है
   C. इसमें कानून से परे स्वैच्छिक कार्य शामिल होते हैं
   D. यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का हिस्सा है (C)

*व्याख्या :* सामाजिक जिम्मेदारी में व्यवसाय द्वारा समाज के हित में किए गए वे स्वैच्छिक कार्य शामिल होते हैं जो कानून द्वारा आवश्यक नहीं होते।

4. **अध्याय में वर्णित वायु प्रदूषण का एक स्रोत कौन सा है?**
   A. तेज संगीत
   B. ऑटोमोबाइल से निकलने वाला कार्बन मोनोऑक्साइड
   C. कृषि में उर्वरकों का प्रयोग
   D. नदियों में अपशिष्ट डालना (B)

*व्याख्या :* वायु प्रदूषण मुख्यतः ऑटोमोबाइल से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड और कारखानों के धुएं से होता है।

5. **'व्यवसाय नैतिकता' से आप क्या समझते हैं?**
   A. सरकार द्वारा बनाए गए कानून
   B. लाभ को अधिकतम करने की रणनीतियाँ
   C. व्यवसाय को निर्देशित करने वाले नैतिक सिद्धांत
   D. कर चोरी की नीतियाँ (C)

*व्याख्या :* व्यवसाय नैतिकता उन नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों को दर्शाती है जो व्यवसायिक निर्णयों और कार्यों का मार्गदर्शन करते हैं।

6. **कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार, CSR नियम किन कंपनियों पर लागू होते हैं?**
   A. किसी भी स्तर की कंपनी पर
   B. 100 करोड़ टर्नओवर वाली कंपनियों पर
   C. जिनका शुद्ध लाभ 5 करोड़ या उससे अधिक हो
   D. जो रियल एस्टेट में निवेश करती हों (C)

*व्याख्या :* CSR प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होते हैं जिनका शुद्ध लाभ 5 करोड़ या उससे अधिक हो।

7. **निम्न में से कौन सी एक विवेकाधीन जिम्मेदारी (Discretionary Responsibility) है?**
   A. करों का भुगतान करना
   B. कानून का पालन करना
   C. बाढ़ राहत कोष में दान देना
   D. गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराना (C)

*व्याख्या :* विवेकाधीन जिम्मेदारी स्वैच्छिक होती है, जैसे कि आपदा राहत कार्यों में सहायता देना।

8. **उद्योगों द्वारा भूमि प्रदूषण का एक प्रमुख कारण क्या है?**
   A. लाउडस्पीकर
   B. विषैले अपशिष्टों का डंपिंग
   C. वर्षा जल संचयन
   D. उर्वरकों का प्रयोग (B)

*व्याख्या :* उद्योगों द्वारा विषैले अपशिष्टों का भूमि पर फेंकना भूमि की गुणवत्ता को नुकसान पहुँचाता है।

9. **भारत में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाला अधिनियम कौन सा है?**
   A. वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972
   B. जल अधिनियम, 1974
   C. वायु अधिनियम, 1981
   D. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 (C)

*व्याख्या :* वायु (प्रिवेन्शन एंड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन) अधिनियम, 1981 वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए है।

10. **किसी संगठन में नैतिकता को बढ़ावा देने वाला प्रमुख तत्व कौन सा है?**
   A. मौन आचार संहिता
   B. CEO की लाभ पर प्रतिबद्धता
   C. शीर्ष प्रबंधन की प्रतिबद्धता
   D. विज्ञापन नीतियों की मजबूती (C)

*व्याख्या :* शीर्ष प्रबंधन की नैतिकता के प्रति प्रतिबद्धता संगठन में नैतिक वातावरण के निर्माण में अत्यंत आवश्यक है।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES